तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

11 रामायण सुनने पहुंच रहे दूर दराज से लोग



12 ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में 120 से ...





## खबर संक्षेप

### देसी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने डोंगरीपारा नर्सरी के पास नवागांव में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी लोकेश सोनवानी पिता स्व रमेश सोनवानी (33 वर्ष) वार्ड नं 10 नवागांव बागबाहरा के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1920 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### खेत में लगे पंप का स्टार्टर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम अरंड के अमलीदार खार स्थित खेत में पंप में लगा स्टार्टर चोरी के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सेतराम पटेल पिता दसरथ पटेल (60 साल) ने बताया कि 29 मार्च की दरमियानी रात उसके खेत लगे स्टार्टर को किसी व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। खोजबीन करने के बाद पता चला कि स्टार्टर को गांव के बसंत नेताम पिता प्रदीप नेताम द्वारा चोरी किया गया है। जिसने पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम दर्राभांठा में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम दर्राभाठा स्थित 132 केवी के पास से आरोपी शैलेंद्र दास पिता सेवक दास (45 साल) निवासी ग्राम बिजातीपाली के कब्जे से 16 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3200 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल यादव पिता बिसाहू यादव (38 साल) वार्ड नं. 03 सांकरा के होटल से कुल 13 नग जम्मू शराब व 26 नग शेरा छाप देशी प्लेन शराब कुल 39 नग कीमती 3640 रुपए को बरामद किया।

### जेसीबी वाहन चोरी

महासमुंद। ग्राम तेलीबांधा स्थित दुलार फार्म के गेट के बाहर खड़े जेसीबी वाहन चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को गोविंद धीवर निवासी वार्ड नंबर 23 सुभाष नगर महासमुंद ने बताया 31 मार्च की सुबह 9 बजे के मध्य ग्राम तेलीबांधा दुलार फार्म के गेट के बाहर में खड़े उसके जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 ए 3422 पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 5,00,000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले में धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मानस गान व्याख्यान सम्मेलन का शुभारंभ कल

**महासमुंद।** आदर्श ग्राम जलकी, छपोराडीह सिरपुर (जिला महासमुंद) में छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन 2026 का आयोजन 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में प्रदेशभर की प्रसिद्ध मानस मंडलियां भाग लेंगी। इस अवसर पर 03 अप्रैल 2026 को जय शीतला मानस मंडली जलकी, गोपेश्वर बिहार मानस मंडली, उमाशंकर मानस मंडली डिपरा पारा (दुर्ग), राम अनुराग मानस मंडली सोरम सिंधी, जय कपीस मानस मंडली आमाकोनी एवं करुणा सागर मानस मंडली कन्नेवाड़ा प्रस्तुति देंगी। 04 अप्रैल 2026 को उगता सूरज मानस मंडली झिथरी डूमा, मानस मंडली टेकापारा, चंचल मानस मंडली टोनाटार, बस्तरिहा मानस मंडली कोदागांव आदि प्रस्तुति देंगी।

# पखवाड़ेभर में 31 हजार से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित आवासों में केवल 15 दिन में 31,066 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। यह उपलब्धि व्यापक जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं श्रमदान का मिसाल बन गया है।

प्रत्येक पीएम आवास की औसत साइज लगभग 300 वर्ग फीट है। इनमे निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं वर्षा जल को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अनुमानतः प्रत्येक वर्षा ऋतु में इन संरचनाओं के माध्यम से हजारों लीटर पानी का संग्रहण संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि, जल संकट में कमी तथा स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

इस पहल से न केवल वर्तमान जल आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भी यह एक ठोस कदम है। मोर गांव,मोर पानी अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन और आमजन एक साथ मिलकर संकल्प लेते हैं तो असंभव भी संभव हो जाता है।

## जिले में मोर गांव, मोर पानी अभियान ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि





### सामुदायिक सहभागिता एवं श्रमदान बना मिसाल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में मोर गांव, मोर पानी महाभियान 2.0 की शुरुआत जिले में 13 मार्च से की गई है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु तिथिवार कार्यक्रम तय किये गए हैं। इस उपलब्धि से जल संरक्षण के प्रति जिले की सामूहिक प्रतिबद्धता, जनसहभागिता और सशक्त नेतृत्व परिलक्षित होता है। ग्रामीणों ने स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान किया जिससे अभियान ने एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस जन-आंदोलन से जुड़कर अपने घरों एवं गांवों में अधिक से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाएं तथा 'हर घर जल संचय' के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## कार्रवाई : पत्नी, बड़े भाई और सहयोगी ने मिलकर रची साजिश

# बिनौरी हत्याकांड की गुत्थी सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पुलिस ने ग्राम बिनौरी में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए मृतक की पत्नी, बड़े भाई और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पारिवारिक कलह और मृतक के आचरण से तंग आकर परिजनों ने ही योजनाबद्ध तरीके से गमछे से गला घोंटकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

- हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश
- मृतक की आदतों और व्यवहार से परेशान थे परिजन

29 मार्च की रात ग्राम बिनौरी निवासी मकुमार साय 37 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी मीना बाई साय ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण होमीसाइडल बताया गया, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी मीना बाई साय, बड़े भाई महावीर साय और वैभव उर्फ अंशु को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। आरोपियों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक अत्यधिक शराब पीने का आदी था

▶▶ शेष पेज 11 पर

### पत्नी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



### गमछे से गला घोंटकर की गई हत्या

आरोपियों ने बताया कि 29 मार्च की रात करीब 11 से 30 मार्च की रात 2.30 बजे के बीच उन्होंने गमछे से गला घोंटकर रामकुमार को मौत के घाट उतार दिया। साक्ष्य मिटाने की नियत से उन्होंने वारदात में इस्तेमाल किए गए गमछों को पत्थरों में बांधकर घर के पास स्थित कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुएं से 3 नग गमछे और पत्थर बरामद कर लिए हैं। इसके साथ ही मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

## फोटो वायरल करने की धमकी दी ब्लैकमेलिंग का आरोपी कानपुर से गिरफ्तार

**पलारी।** सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को पलारी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कानपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती से 60 हजार रुपये ऐंठने के बाद भी उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा था।

- धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से तंग युवती ने जहर खाया
- धारा 108 के तहत की गई कानूनी कार्रवाई

मामले की जांच और तकनीकी विश्लेषण से यह खुलासा हुआ कि आरोपी गुलशन कश्यप, मृतिका को फोन के माध्यम से लगातार डरा-धमका रहा था। वह युवती की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसे बदनाम करने की धमकी देकर पैसों की मांग कर रहा था। लोक-लाज के डर से मृतिका ने आरोपी को फोन-पे के माध्यम से 60 हजार रुपये भी भेज दिए थे। इसके बावजूद आरोपी का

▶▶ शेष पेज 11 पर



### उपचार के दौरान मौत

आरोपी की लगातार धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने पिछले वर्ष 17 अप्रैल को चूहे मारने वाली दवा का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया, जहां 22 अप्रैल को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच और महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने के बाद थाना पलारी में आरोपी के विरुद्ध धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया।

## हिरमी व मोहरा में आज निकलेगी हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

**हिरमी-रावन।** हिरमी सहित मोहरा में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। 2 अप्रैल को ग्राम के मुख्य केंद्र तिगड्डा चौक स्थित हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। धार्मिक अनुष्ठानों की रूपरेखा आयोजन समिति श्री सिद्धी विनायक ग्रुप द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से होगा। उत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, विधि-विधान के साथ विश्व शांति और ग्राम कल्याण हेतु आहुतियां दी जाएंगी। सामूहिक रूप से भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। दोपहर में प्रभु की भव्य महाआरती उतारी जाएगी। पूजन और आरती की समाप्ति के पश्चात मंदिर परिसर में ही समस्त भक्तजनों के लिए भोग-प्रसादी (भंडारा) का आयोजन रखा गया है। समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें और बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त करें। हनुमान जन्मोत्सव का यह आयोजन आपसी भाईचारे और भक्ति का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की उपस्थिति ही इस आयोजन की असली शोभा और शक्ति है।

### आज हनुमान प्रकटोत्सव पर होंगे विविध आयोजन



**लवन।** नगर के 100 साल पुरानी शक्ति पीठ हनुमान मंदिर और ग्राम तिल्दा प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में आज 2 अप्रैल, सुबह अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ एक नए उत्साह की शुरुआत होगी। तत्पश्चात हनुमान चालीसा, महाआरती, महाभोग के बाद हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सायं काल दोपहर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। शक्ति पीठ हनुमान मंदिर के संचालक अखिलेश केशव मिश्रा और ग्राम तिल्दा स्थित हनुमान मंदिर के गोलू कैवत्य द्वारा आयोजित इस पवित्र आयोजन में

▶▶ शेष पेज 11 पर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हासिल किया है। यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला जिले का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बन गया है।

- भारत सरकार के मूल्यांकन में अस्पताल को 87 प्रतिशत अंक मिला

अस्पताल की आंतरिक मूल्यांकन 16 एवं 17 जनवरी तथा पुनः आंतरिक मूल्यांकन 27 एवं 28 फरवरी को भारत सरकार द्वारा किया गया, जिसमें सिमगा अस्पताल को 87 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाण पत्र दिया गया। मूल्यांकन अंतर्गत अस्पताल ने 8 विभागों आपातकालीन एवं ट्रामा विभाग,स्टाफ सेवा, अस्पताल प्रशासन,आंतरिक रोगी विभाग, प्रयोगशाला, लैब,प्रसव,बाह्य रोगी विभाग, औषधालय जैसे विभागों में भाग लिया।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस उपलब्धि की तैयारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के सतत मार्गदर्शन एवं निगरानी में अस्पताल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा माह अगस्त 2024 से किया जा रहा था। जिसका मूल्यांकन जनवरी एवं फरवरी 2026 में किया गया।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन क्यू ए एस)भारत सरकार द्वारा लागू एक गुणवत्ता मानक है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं का मूल्यांकन मरीजों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, दवाओं की उपलब्धता, स्टॉफ दक्षता तथा मरीज संतुष्टि जैसे प्रमुख सूचकांकों पर किया जाता है।

### स्वच्छता, दवा वितरण और सेवाओं में सुधार से अस्पताल बना बेहतर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा में इन सभी मानको को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधार किए गये हैं। अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था, रिकार्ड संधारण, दवा वितरण प्रणाली, लेबर रूम एवं ओ.पी.डी सेवाओं को बेहतर बनाया गया है। साथ ही मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से यह तैयारी सम्भव हो पायी है। सर्टिफिकेशन प्राप्त होने से न केवल अस्पताल के गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं भी प्राप्त होगी।

## जिले में नलकूप खनन पर 30 जून तक प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुलदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 1 अप्रैल से 30 जून तक बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। उल्लंघन करने पर सम्बधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। शासकीय, अर्धशासकीय, नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप

▶▶ शेष पेज 11 पर

- बलौदाबाजार-भाटापारा जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

## कलेक्टर ने राजस्व शिविर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले के सभी तहसील अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायतों में 1 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित राजस्व शिविर का जायजा लिया। उन्होंने सरपंच, सचिव, पटवारी से शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

- आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने इस दौरान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने एक ग्रामीण की जमीन सीमांकन के आवेदन के निराकरण हेतु पटवारी व आरआई को आज ही आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन करने के निर्देश दिये। इसी तरह पीएम आवास व पेंशन के आवेदन पर भी नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से पूछा कि राजस्व शिविर के बारे में जानकारी कैसे मिली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मुनादी हुई थीं। उन्होंने सरपंच व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों से पीडीएस दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित समय पर खुलने, पटवारी व सचिव का मुख्यालय में रहने, पेयजल की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के लिये जन सहभागिता से सोखता गड्ढा निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने सचिव को ग्राम पंचायत कार्यालय भवन में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण के निर्देश दिये। इसके साथ ही शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों व उसके निराकरण की स्थिति का पंजी में प्रविष्टि करने कहा। इस दौरान एसडीएम प्रकाश कोरी सहित सरपंच,पंच, सचिव, पटवारी मौजूद थे।



## जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मिली 4 नई एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले को 4 नई 108 एम्बुलेंस मिलने से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा मजबूत हुईं है।बुधवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जिला अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया। इन 4 नई एम्बुलेंस में से 1 एम्बुलेंस एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस है, जो जिले में पहली बार तैनात हुईं है। नई 108 एम्बुलेंस की सेवाएं प्रारम्भ होने से आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगा।

- पहली बार एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस की भी तैनाती





बताया गया कि 4 में से 3 एम्बुलेंस बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम एवं 1 एम्बुलेंस एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम है। इसके साथ ही 5 और नई एम्बुलेंस जल्द मिलने वाली है, जिसमें से एक एम्बुलेंस एएलएस है। इस तरह जिले में कुल 9 नई 108 एम्बुलेंस हो जाएंगी, जिसमें से 2 एएलएस हैं। मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए इन एम्बुलेंस में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

इस अवसर पर एसडीएम प्रकाश कोरी, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा, डीपीएम सृष्टि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह व सिंघनपुर में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। जिसमें राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि भक्त शिरोमणि कर्मा देवी (कर्माबाई) 17वीं शताब्दी (1615-1702) की एक महान कृष्ण भक्त थीं, जिनका जन्म राजस्थान के नागौर जिले के कालवा गांव में हुआ था। वे अपनी निश्छल भक्ति से भगवान कृष्ण को अपने हाथ से बना खिचड़ा खिलाने के लिए प्रसिद्ध हैं।

### नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में सामूहिक चालीसा पाठ व महाआरती आज

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए पुरोहित जवाहर त्रिवेदी ने बताया कि सुबह 11 बजे आरती, प्रसाद वितरण, दोपहर 12 बजे भंडारा एवं भजन, शाम 4 बजे रामायण पाठ, 6 बजे भजन व 7 से 8 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। रात्रि 8 बजे सवा लाख बाती की महाआरती व छप्पन भोग लगाया जाएगा। मंदिर समिति के बीएन गुप्ता, बसंत ठाकुर, बलराम लालवानी, मूलचंद लड्ढा, धर्मेंद्र साकरकर, लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, कमल राठी, दीपक रूपरेला, नरेश चंद्राकर, कल्लू सोनी, राजेश ठाकुर, विनोद महोबिया, नरेश राठी, उमाशंकर चंद्राकर, सौरभ मालू, पूनम साहू, सुशील शुक्ला, गुमान ठाकुर, हितेश माकड़े आदि सदस्य कार्यक्रम में जुटे हुए है।

### लभराखुर्द में श्रीमद भागवत कथा कल से

**महासमुंद।** रेस्ट हाउस के सामने ग्राम लभराखुर्द में 3 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पंडित सूर्यकांत शास्त्री महाराज होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक होगी। 3 अप्रैल को कलश यात्रा, वेदीपूजन, गौकर्ण कथा, 4 अप्रैल को शुकदेव प्रकाष्ठ, परीक्षित जन्म, 5 अप्रैल को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र 6 अप्रैल को जड़भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, 7 अप्रैल को श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, नंद महोत्सव, 8 अप्रैल को कृष्णा बाल लीला, माखन लूट, गोवर्धन पूजा, 9 अप्रैल को महारास प्रसंग, रुखमणि मंगल, 10 अप्रैल को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढौत्तरी, 11 अप्रैल को गीता पाठ, दान, हवन, पूर्णाहुति, महाप्रसादी होगी। आयोजक कौशल्या चंद्राकर, परमेश्वरी -चूड़ामणि चंद्राकर, भूमिका-नीलमणि चंद्राकर परिवार है। चूड़ामणि चंद्राकर ने भक्तगणों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# छात्रों ने किया सिरपुर में पुरातात्विक स्थल एवं कोडार इको क्षेत्र और जलाशय का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान





नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान द्वारा 30 मार्च को विद्यार्थियों के लिए इको टूरिज्म आधारित एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। सिरपुर-कोडार के इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 41 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा के मार्गदर्शन एवं रूसा प्रभारी पीयूष कुमार के नेतृत्व में किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को महासमुंद जिले के सिरपुर में पुरातात्विक स्थल एवं कोडार इको क्षेत्र और जलाशय का अवलोकन कराया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इको टूरिज्म का व्यावहारिक जान प्रदान करना, पुरातात्विक स्थल के महत्व से परिचित कराना, इको टूरिज्म के रोजगार के अवसरों को बताना तथा पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था।

विश्व के सबसे विस्तृत बौद्ध पुरास्थल सिरपुर में विद्यार्थियों को लक्ष्मण मंदिर और सुरंग टीला का विस्तार से अवलोकन कराया गया। इसके लिए उदल राम रात्रे ने गाइड के बतौर विद्यार्थियों को सिरपुर पूरा स्थल के बारे में विस्तृत जानकारियां दीं। विद्यार्थियों ने लक्ष्मण मंदिर परिसर स्थित तीन संग्रहालयों का भी भ्रमण किया और क्षेत्र के पुरातत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां लीं। उपरांत विद्यार्थी कोडार जलाशय क्षेत्र स्थित एक कैंप के भ्रमण पर पहुंचे। यहां उन्होंने पर्यावरण आधारित पर्यटन में रोजगार की संभावनाओं को समझा। उन्होंने कोडार बांध में मछली उत्पादन और बांध के अपवाह क्षेत्र में पक्षियों को भी देखा। महाविद्यालय लौटने पर विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण पर आधारित अपनी अपनी रिपोर्ट में अपने अनुभव को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस शैक्षिक भ्रमण के सफल आयोजन में डॉ भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र), धात्री चक्रधारी (अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र) और आदिल अहमद (अतिथि क्रीड़ा अधिकारी) का सहयोग रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिवद्धता व्यक्त की है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

**स्मरण : शहीद स्मारक में वीर जवानों दी गई श्रद्धांजलि**

# सुरक्षा बलों के अदम्य साहस के कारण ही प्रदेश नक्सल मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के महायज्ञ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के सम्मान में महासमुंद के शहीद स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं व भाजपा पदाधिकारीगण और नागरिकों ने उपस्थित होकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और सुरक्षाबलों के अदम्य साहस के कारण ही आज प्रदेश नक्सल मुक्त हुआ है, इस कारण छत्तीसगढ़ विकास और शांति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शाम 6:30 बजे आयोजित इस गरिमामयी सभा में शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित किए गए और पूरे वातावरण में देशप्रेम की लहर दिखाई दी। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों का बलिदान ही आज प्रदेश में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में शांति स्थापित करने के लिए संकल्पित है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और भारत माता की जय के गगन भेदी नारे लगाए।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, राज्य आयुक्त गाइड सुधा साहू, मंडल महामंत्री द्वय अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री शुभ्रा शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडे, युवा मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, पार्षदगण माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, प्रीति बादल मक्कड़, धनेश्वरी साहू, कल्पना सूर्यवंशी, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, सोनाधर सोनवानी, पप्पू ठाकुर, भाजयुमो जिला मंत्री जतिन रूपरेला, पूनम निषाद, गीतिका सोनी, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष एवं पार्षद निश्चय चंद्राकर, भगवती करकशे, सारिका यादव, पुष्पांजलि सिन्हा, अभिषेक पांडे, दीपक राव, आदि दुबे, रोशन बग्गा, गोपाल प्रधान, गौरव राठी, भुनेश्वर साहू, हनीश बग्गा, अमित राय, कुंदन साव, भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभम बाग, आयुष दुबे, हरेंद्र जांगडे, पवन साहू, यशवंत सूर्यवंशी, देवा पटेल, अशोक पटेल, अंकित सूर्यवंशी, कमल साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए खल्लारी विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम गड़बेड़ा में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती, कर्मा मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं सामाजिक संगम कार्यक्रम में खल्लारी विधायक एवं पूर्व ससदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम गड़बेड़ा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती, कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सामाजिक संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष ढालूराम साहू ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,येतराम साहू, साहू संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष धरम साहू सहित लक्ष्मण कुमार साहू, मनोहर साहू, मंगतूराम साहू, देवेश साहू, श्याम कुमार साहू, बसंत कुमार साहू, राम साहू, बुंदा बाई नायक, शिवराम साहू, उर्मिला साहू, प्रीतम साहू, सरला साहू, गायत्री साहू, लालाराम नाग, संतराम साहू एवं अलखराम साहू उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन भक्ति, त्याग एवं समर्पण का प्रतीक है, जो हमें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने माता कर्मा को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डिगम राम साहू एवं राजेंद्र साहू द्वारा किया गया।

### छिबर्रा स्कूल में लगा निःशुल्क आरोग्य शिविर, 52 लोग हुए लाभान्वित

**महासमुंद।** एकल अभियान संच कोमाखान के तत्वावधान में सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन की सहयोग से निःशुल्क आरोग्य शिविर विद्यालय ग्राम छिबर्रा में आयोजित किया गया। जिसमें 52 रोगी महिला व पुरुष का इलाज किया। जिसमें शुगर, बीपी चेक किया गया तथा चांज कर रोग के अनुसार कमजोरी, शुगर, ब्लड बढ़ाने, हाथ-पैर दर्द का आयुर्वेदिक दवाई व टॉनिक निःशुल्क वितरण किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को स्वास्थ लाभ पहुंचाना है। इस शिविर में मुख्य चिकित्सक एवं योगाचार्य आर्य प्रकाश चंद्राकर, खेमराज साहू (अंचल गतिविधि प्रमुख महासमुंद), राधेश्याम दीवान (संच प्रमुख भुरकोनी), मदन लाल साहू (संच प्रमुख कोमाखान), चंद्रिका ताड़ी (आचार्य छिबर्रा), बिंदा पांडे (आचार्य सिमगाव), रूखमणि पटेल (आचार्य बैगाखम्हरिया), संतोषी ध्रुव (आचार्य डोंगाखम्हरिया), ममता साहू (आचार्य नवागांव) तथा ग्राम समिति छिबर्रा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी मदन साहू ने दी है।

### विधायक से मुलाकात, मां शीतला का छायाचित्र किया भेंट



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर नगर के प्रमुख नेता व जनप्रतिनिधियों ने नगर कुलदेवी मां शीतला का छायाचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, आबकारी विभाग विधायक प्रतिनिधि राजू साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्तम निर्मलकर, मंडल महामंत्री द्रोणाचार्य साहू, नेता प्रतिपक्ष भुनेश्वर साहू, पार्षद दुकालू ध्रुव, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी डोमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शुभम टंडन, भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य कुंदन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि के विरोध एवं 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आप करेगी आज विद्युत कार्यालय का घेराव

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रदर्शन करेगी। इसमें प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि ना की जाये तथा पहले से बढ़ी हुई दर कम की जाए। क्योंकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली राज्य है। बड़े बकायादारों उद्योगपतियों और सरकारी विभाग जिनका करोड़ों का बिल बकाया है उनसे बिल वसूली की जाए, अन्यथा उनका कनेक्शन काटा जाये। स्मार्ट मीटर जिसमें रिचार्ज ख़त्म होने पर कनेक्शन कट जाता है उसमें सुधार किया जाए अथवा स्मार्ट मीटर की बजाय पुराना मीटर लगाया जाए। बिजली कंपनियां अपना खर्च कम करें जिससे कंपनियों को घाटा नहीं होगा और इसकी वसूली आम जनता की जेब से नहीं करनी पड़ेगी। असमय बिजली कटौती खासकर ग्रामीण इलाकों में कटौती बंद किया जाए। ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री का फ्री में उपलब्धता एवं परिवहन सरकार सुनिश्चित करे, क्योंकि आज भी कई जगह ग्रामीणों से पैसे लेकर विधुत सामग्री प्रदान की जा रही है, जिसमें निचले स्तर के अधिकारी कर्मचारी संलिप्त है, इन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाए। किसानों के अस्थायी विद्युत कनेक्शन को राज्य शासन द्वारा निर्धारित टारगेट व्यवस्था को समाप्त कर तत्काल स्थायी किया जावे। मुनगासेर, पिथौरा, सरायपाली क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए। इन मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी 2 अप्रैल को महासमुंद जिला मुख्यालय में स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी। उक्त जानकारी राकेश झाबक जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी महासमुंद ने दी है।

# सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसाडीह से लहंगर एवं ग्राम लहंगर से पीढ़ी सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि काफी समय से उक्त सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही थी। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा और ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। बता दें कि ग्राम लहंगर से पीढ़ी कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 466.19 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। वहीं ग्राम परसाडीह से लहंगर कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 629.93 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

बता दें कि बजट वर्ष 2024-25 में महासमुंद अंतर्गत शामिल कई निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए के कार्य स्वीकृत हुए हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सुशासन की सरकार प्रदेश में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र तक विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है। इससे प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार में किसी भी वर्ग को वंचित नहीं रखा जाएगा। मजदूर, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक-एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

#### ग्रामीणों ने कहा लंबे समय से थी मांग

सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्राम लहंगर एवं परसाडीह के ग्रामीण बुधवार को विधायक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय से सड़क की मांग की जा रही थी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से कार्यों को स्वीकृति मिली है, इसलिए वें उनका धन्यवाद ज्ञापित करने आए हैं। इस अवसर पर राधेलाल सिन्हा, मनराखन ठाकुर, गौतम मराई, संतोष सोनकर, थनवार धगारे, कुमान ध्रुव, रामप्रसाद, पंचराम, लीलाधर सिन्हा, जयसिंग ध्रुव, हीराराम ध्रुव, छेदूराम ध्रुव, लोभान दीवान उपस्थित थें।

# धनिया की खेती से प्रति एकड़ 50 हजार रुपए कमा रहे किसान निरंजन

## मसाला क्षेत्र विस्तार योजना से मसाले की खेती की ओर बढ़ रहा रूझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम कसहीबाहरा के प्रगतिशील किसान निरंजन पटेल ने अपनी मेहनत और नवाचार से खेती में अच्छी सफलता प्राप्त की है। निरंजन पटेल बताते हैं कि वे पहले पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें उन्हें अधिक लागत और अपेक्षाकृत कम उत्पादन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वर्ष 2025-26 में उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार योजना के तहत धनिया की खेती अपनाई। उन्होंने अपनी 0.40 हेक्टेयर पूरी सिंचित भूमि में उन्नत किस्मों कस्तूरी धनिया एवं अंकुर धनिया का उत्पादन प्रारंभ किया। आधुनिक तकनीक के रूप में उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया, जिससे जल की बचत के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्हें 0.40 हेक्टेयर के लिए 8000 का अनुदान डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया, जिससे उन्हें प्रारंभिक लागत में राहत मिली। पूर्व में जहां वे धान की खेती से प्रति एकड़ लगभग 21 क्विंटल उत्पादन प्राप्त करते थे और लगभग 30,000 की सीमित आय होती थी, वहीं धनिया की खेती अपनाने के बाद उन्होंने लगभग 35 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त किया। धनिया की खेती से उनकी कुल आय बढ़कर लगभग 50,000 प्रति एकड़ हो गई। पटेल अपनी उपज का विक्रय पिथौरा एवं बागबाहरा मंडियों में करते हैं। वर्तमान में वे अपने कार्य से अत्यंत संतुष्ट हैं। उनकी इस सफलता को देखकर आसपास के अन्य किसान भी उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

## बदली परंपरा, अब महिलाएं भी घर-घर जाकर कर रहीं बिजली के मीटरों की रीडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में अब तक बिजली के मीटरों की रीडिंग का काम सिर्फ पुरुषों से कराया जाता रहा, लेकिन अब इस परंपरा को बदलने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 20 महिलाएं घर-घर जाकर मीटरों की रीडिंग करने का काम कर रही हैं। इन महिलाओं को प्रति मीटर रीडिंग के 12 रुपए मिल रहे हैं। एक महिला 500 से 750 मीटरों की रीडिंग हर माह कर रही है। आने वाले समय में दूसरे जिलों में भी महिलाओं को यह काम दिया जाएगा। पॉवर कंपनी में कुछ काम ऐसे हैं, जिनको पुरुषों से ही कराया जाता है। ऐसे ही कामों में मीटरों की रीडिंग का भी काम है।



#### जशपुर से आगाज

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने पहली बार महिलाओं से बिजली के मीटरों की रीडिंग का काम कराने का आगाज जशपुर से किया है। यहां पर स्व सहायता समूह की महिलाओं को यह काम दिया गया है। इस समूह की 20 महिलाएं इस समय काम कर रही हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रीडिंग का काम किसी समूह को नहीं जाता, भले ही महिलाएं स्व सहायता समूह की हैं, लेकिन अलग-अलग महिलाओं के साथ अलग-अलग अनुबंध किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब का जखीरा मुख्य सरगना गिरफ्तार

**रायपुर।** शहर के गंजपारा स्थित प्रभात टॉकीज के पीछे भट्ठी क्षेत्र में अवैध देशी मसाला शराब का बड़ा जखीरा पकड़ा गया था। इसमें 42.840 बल्क लीटर अवैध शराब (238 पौवा) एवं नकद 3 लाख 40 हजार 220 रुपए जब्त किया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साहू, गोपाल दास मानिकपुरी, राजेश नागेश, दीप पाल सागर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, वहीं मुख्य सरगना दीपक मुदलियार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है।

### पौने दो लाख का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** एएनटीएफ और मंदिर हसौद पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सेरीखेड़ी स्थित ओवरब्रिज के पास बादल नेताम निवासी सेरीखेड़ी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1.613 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 72 हजार रुपए है। आरोपी बोरी में भरकर गांजा ले जा रहा था।

### गांजा-बटनदार चाकू के साथ 2 गिरफ्तार

**रायपुर।** एसीसीयू और विधानसभा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से गांजा और बटनदार चाकू जब्त किया गया है। ग्राम छपोरा स्थित छपोरा पुलिया के पास दोपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति गांजा बिक्री के लिए रखे हुए थे। सूचना पर दोनों को पकड़ा गया। आरोपियों में एक का नाम हिमांशु वर्मा उर्फ करण उर्फ टोब्बेल तथा दूसरा कोमल वर्मा उर्फ फिरंगी नरदहा विधानसभा के निवासी है। उनके पास एक थैले में 2 बटनदार चाकू तथा 03.070 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

### कृष्णसखा गृहनिर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष-सदस्य के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे फर्म की जमीन को अपना बताकर उसकी बिक्री कर नामांतरण कराने के मामले में गोलबाजार पुलिस ने कृष्ण सखा गृह निर्माण सहकारी समिति डंगनिया के अध्यक्ष अरुण कुमार और सदस्य अनिमेष मिश्रा के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धुरंधर बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा.लि. फर्म के शैलेष धुरंधर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके फर्म के नाम पर डंगनिया में 0.688 हेक्टेयर रकबा भूमि है, जिसका खसरा नंबर 173-1, 173-3 है।

## धर्म-कर्म : भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीला व गोवर्धन पूजा का वर्णन

# दूसरों को सुखी रखने की भावना है मानवधर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगबुड़ा

ग्राम पंचायत अहिल्दा में संस्कार सामाजिक संगठन एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 मार्च से चल रहा है। इसमें क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

कथा बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा वाचिका देवी जया गौतम ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। कथा वाचिका जया गौतम ने कथा में उपस्थित श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की। जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। कथा वाचिका ने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है, कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजा था। जहां राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं। लेकिन भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं। गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं। गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। इस मौके पर महरू राम वर्मा, रामायण वर्मा, दाऊलाल साहू, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, हेमलाल साहू, जगमोहन साहू ,कृष्णकुमार, कोमल, समारू, फ़रितराम, भरत, प्रहलाद, मिलूसाहु, जीवन साहू एवं आयोजक समिति का सदस्यों में छबि राम साहू, मैधुराम, नरेश, ओमप्रकाश, महेश, घनश्याम मुकेश, मेष कुमार, विजय यादव, रतनलाल। राजकपूर, शिव साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।







## निर्मल मन से ही संभव है ईश्वर का साक्षात्कार

■ सेल में संगीतमय भागवत कथा जारी



**सेल।** ग्राम सेल में आयोजित संगीतमय भागवत कथा के द्वितीय दिवस पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने बताया की किस प्रकार निर्मल मन से की गई भक्ति के प्रताप से स्वयं भगवान उनकी कुटिया में पधारे भक्ति के मार्ग में वैराग्य का महत्त्व है। जब तक मन संसार के विषय भोग से मुक्त नहीं होगा, भक्ति सार्थक नहीं होंगी। विदुर विरक्त संत थे, उनका अतः करण शुद्ध था एवं मन निर्मल था। आहार सात्विक थे विचार निर्मल थे। उन्होंने सच्चे मन से पत्नी सहित भगवान की भक्ति की थी जिसके पुण्य से उन्हें ब्रम्ह का साक्षात्कार हुआ भगवान कहते हैं। निर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहे कपट छल छिद्र ना भावा ईश्वर की प्राप्ति के लिए मन का निर्मल होना अनिवार्य है जब तक मन से काम क्रोध लोभ ईर्ष्या द्वेष रूपी विकार नहीं जायेंगे तब तक जीवन सार्थक नहीं होंगी आगे सृष्टि उत्तपत्ति की कथा मे ब्रम्हा की उत्तपत्ति के साथ वराह अवतार के प्रसंग की व्याख्या की गई इस प्रसंग में हिरण्याक्ष एवं हिरण्यकश्यप के पाप के भार से जब पृथ्वी रसातल मे चली गई तब ब्रम्हा की नासिका छिद्र से भगवान वराह रूप मे प्रकट हुए और पृथ्वी को रसातल से निकालकर दुष्ट हिरण्याक्ष का संघार किया उसके बाद ब्रम्हा द्वारा प्रजा की उत्पत्ति एवं सृष्टि विस्तार का कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें सबसे पहले ब्रम्हा ने भगवान रूद्र सहित दस मानस पुत्रों को जन्म दिया। उसके बाद उनके अंग से मनु महराज एवं सतरूपा की उत्पति हुईं। कथा में मुख्य यजमान अर्जुन प्रसाद साहू, सरोज साहू, नकुल प्रसाद साहू, चंचल साहू इस मौके पर उमाशंकर साहू, खीखराम साहु, सुंदरलाल साहू, महादेव जायसवाल, विवेक साहू, बंशीलाल वर्मा, मेलाराम साहू, खोलबहरा प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या श्रोतागण उपस्थित थे।

## रामायण सुनने पहुंच रहे दूर दराज से लोग

**भवानीपुर।** क्षेत्र के भवानीपुर में इन दिनों रामनाम की मधुर ध्वनि गूंज रही है। पूरा गांव भक्ति रस में डूबा हुआ है और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया है। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु भजन-कीर्तन और रामायण पाठ में लीन दिखाई दे रहे हैं। गांव के मंदिरों और पंडालों में आयोजित रामायण मानस गान एवं धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। महिला, पुरुष, युवा और बच्चे सभी मिलकर प्रभु श्री राम के नाम का गुणगान कर रहे हैं। भक्ति संगीत और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। इस भक्तिमय आयोजन का समापन 2 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। इस दौरान पूरे गांव में भगवान श्रीराम की झांकी, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दे रहा है। हर ओर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है, जिससे भवानीपुर एक आध्यात्मिक धाम में परिवर्तित हो गया है। जिसे सुनने एवं देखने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंच रहे हैं ।



## साईं बाबा जन्मोत्सव पर महाभंडारे का आयोजन





**महासमुंद।** नगर के नेहरू चौक स्थित कांग्रेस भवन के पास श्री साई बाबा जन्मोत्सव के मौके पर भव्य महाभंडारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभालते हुए सभी आगंतुकों की सेवा की। इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# जिले के 7 तहसीलों के 29 गांवों में लगा राजस्व शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

सारंगढ़ विकासखंड अंतर्गत कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने भेड़वन एवं घोटला छोटे में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से सीधे संवाद कर समस्याओं एवं समाधान की प्रक्रिया की जानकारी ली। भेड़वन शिविर में दो गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे थे। यहां कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, फौती, विभाजन एवं जीवन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने गांवों में मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण शिविर का लाभ उठा सकें।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा भेड़वन निवासी लक्ष्मण दिवल साय एवं कन्हैया तुलाराम को बी-1 (भूमि संबंधी दस्तावेज) भी वितरित किया गया, जिससे हितग्राहियों में संतोष देखा गया।

वहीं घोटला छोटे के सामुदायिक भवन में संचालित राजस्व पखवाड़ा शिविर का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नक्शा बटांकन कार्य की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना बताया गया। कलेक्टर ने शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने भू-अर्जन से संबंधित मामलों की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों को कलेक्टर ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा का उद्देश्य आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण करना है, इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।



उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ तहसील के ग्राम घठुला छोटे, भेड़वन, हिच्छा, जेवरा बरमकेला तहसील के ग्राम चांटीपाली, कुम्हारी, सकरतुंगा, बरमकेला, बड़े नवापारा, करनपाली, बोईरडीह, घोघरा, सरिया. तहसील के ग्राम मानिकपुर, कटंगपाली-अ, पंचधार, कण्डोला, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम टुण्डरी, सलिहा भटगांव तहसील के ग्राम चिकनीडीह, सलौनीकला, जमगहन, जोरा, ओटगन, रिकोटार, सरसींवा तहसील के ग्राम बेंगपाली, बालपुर, झुमका, पिकरीपाली और कोसीर उप तहसील के ग्राम भदरा मे शिविर का आयोजन किया गया।

# हर घर जल की उपलब्धता से बिराजपाली के ग्रामीणों के दैनिक जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम बिराजपाली में हर घर जल की उपलब्धता ग्रामीणजनों के जीवन में खुशियां लेकर आई है। ग्रामीणजन बताते है कि जहां कभी ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप या दूरस्थ जलस्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब हर घर जल योजना अंतर्गत हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। ग्राम बिराजपाली में 21 फरवरी 2026 को हर घर जल का सफल प्रमाणीकरण किया गया।




योजना के अंतर्गत ग्राम के कुल 182 घरों को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, जिससे प्रत्येक परिवार को घर पर ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जल आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम जल समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक परिवार से 60 रुपये प्रतिमाह जलकर के रूप में संग्रह कर योजना की स्थिरता एवं निरंतरता सुनिश्चित कर रही है। ग्राम में जलापूर्ति के लिए 94.27 लाख रुपए की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 2270 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसके माध्यम से सभी घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम में 13 हैंडपंप एवं 3 पावर पंप भी उपलब्ध हैं, जो जल स्रोतों को सुदृढ़ बनाते हैं।

# वैश्विक अशांति का असर, बाजारों में बढ़ी महंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में जारी युद्ध और अंतरराष्ट्रीय तनाव का सीधा असर अब नगर के स्थानीय बाजारों में दिखाई देने लगा है। वैश्विक सप्लाई चेन में आई रुकावट के कारण रसोई गैस और ईंधन के बाद अब दाल, मसाले, खाद्य तेल और सूखे मेवों की कीमतों में भारी उछाल आया है। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों के घर का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। शहर के मुख्य मार्केट और सदर बाजार में पिछले दो सप्ताह के भीतर दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जहाजों का मार्ग बदलने और माल ढुलाई (फ्रेट चार्ज) महंगी होने की वजह से लागत बढ़ गई है। सूखे मेवे, बादाम, पिस्ता और काजू की कीमतों में बड़ी वृद्धि हुई है। एक सप्ताह पहले जो काजू 880 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, उसकी कीमत अब 960 रुपये तक पहुंच गई है। नया माल आने में देरी के कारण पुराने स्टॉक को भी ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। सबसे ज्यादा असर तेल की कीमतों पर पड़ा है। पिछले सप्ताह तक तेल का टिन 2100 से 2150 रुपये में मिलता था, अब उसकी कीमत 2330 से 2400 रुपये के बीच हो गई है। जीरा और काली मिर्च की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई है। इसके अलावा काबुली चना और मसूर दाल, जो बाहर से आयात किए जाते हैं, उनकी कीमतों में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। अरहर और उड़द दाल के दाम भी 10 रुपये तक बढ़ गए हैं।



### आम जनता की परेशानी

बाजार में खरीदारी करने आए लोगों ने अपनी चिंता साझा करते हुए कहा कि बढ़ती कीमतों के कारण अब वे अपनी जरूरतें कम करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी विमला साहू ने बताया कि पहले भीषण गर्मी की वजह से सब्जियां महंगी हुईं और अब दाल-मसालों के दाम बढ़ गए हैं। बच्चों की सेहत के लिए बादाम और अखरोट खरीदना अब मध्यम वर्ग के लिए कठिन होता जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग अब किलो के बजाय पाव या उससे भी कम मात्रा में सूखे मेवे खरीद रहे हैं।

### आगामी सीजन पर संकट

थोक और चिल्हर व्यापारियों का मानना है कि यदि युद्ध की स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो आने वाले शादी-ब्याह के सीजन में मुश्किलें और बढ़ेंगी। व्यापारियों के अनुसार, मिठाई और खान-पान के खर्च में 30 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल, अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता ने नगर के स्थानीय बाजार की रौनक कम कर दी है और उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा बोझ डाल दिया है।

## पेज 9 के शेष

### बिनौरी हत्याकांड की ...

और आए दिन घर वालों को परेशान करता था। आरोपियों के अनुसार, मृतक अपनी ही बेटी पर भी बुरी नीयत रखता था। इस प्रताड़ना से तंग आकर तीनों ने मिलकर रामकुमार के सोने के बाद उसकी हत्या की योजना बनाई।

पुलिस ने मामले में षड्यंत्र रचने और साक्ष्य छुपाने की धाराएं 61(2), 238(क) और 3(5) भी जोड़ी हैं। तीनों आरोपियों को 31 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### फोटो वायरल करने...

मन नहीं भरा और वह और अधिक पैसों के लिए युवती को प्रताड़ित करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी गुलशन कश्यप 20 वर्ष निवासी ग्राम दहेली थाना रेवन, जिला कानपुर को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उसने माना कि वह मृतिका को बदनाम करने की धमकी देकर पैसे वसूल रहा था और बार-बार फोन करके दबाव बना रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### आज हनुमान प्रकटोत्सव...

समस्त सनातनी समाज को सादर आमंत्रित किया है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे एवं खीर पूरी का भी आयोजन किया गया है, हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

### जिले में नलकूप...

खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कोई भी व्यक्ति द्वारा अनुज्ञा के बिना अधिनियम का उल्लंघन करते हुए नलकूप खनन करते पाए जाने पर पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1987 के धारा 3 या 4 के उपबंधों का उल्लंघन पर कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुलदीप शर्मा ने जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए सम्बधित राजस्व अनुभाग के एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है जो संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,नगरीयनिकाय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे।समस्त प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्रवाई करेंगे। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करते पाए जाने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दतान प में अखंड नवधा रामायण 8 से

पलारी। ग्राम दतान (प) में श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ अखंड नवधा रामायण समारोह का भव्य आयोजन 8 अप्रैल से किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन में खुला मंच सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा उसके बाद विशेष आमंत्रित मनसा मंडली को जगह दिया जाएगा। प्रत्येक मानस मंडली को 501 रुपया श्रद्धा सुमन राशि भेंट दी जाएगी। आयोजन स्थल पर रामचरितमानस के अखंड पाठ, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। समारोह में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचंगे और रामायण श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

### आज अनेक गांवों में राजस्व शिविर

बिलाईगढ़। आज 2 अप्रैल को राजस्व शिविर सारंगढ़ तहसील के अनेक गांवों में आयोजित किया जायेगा। इसमें उलखर, पिण्डरी बा.पा., कौवाताल, धौराभांठा, बरमकेला तहसील के ग्राम कपरतुंगा, तौसीर, लेन्धरा, सेमीकोट, लोधिया, अमेरी, कंठीपाली, दुलोपाली, झाल, सरिया तहसील के ग्राम छुवारीपाली, कंचनपुर, बोंदा, महाराजपुर, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम कैथा, धनसीर, भटगांव तहसील के ग्राम बोड़ा, सिंघीचुंवा, नवापारा, जुनवानी, सलिहाघाट, सरसींवा तहसील के ग्राम पिपरभावना, कोसमकुण्डा, सरधाभाठा, सरसीवा, बिलासपुर, गाताडीह, सोहागपुर, चोरभटठी और कोसीर उप तहसील के ग्राम सिंघनपुर शामिल है। शिविर में राजस्व कार्य जैसे सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

### सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला कार्यसमिति में मीडिया प्रभारी बने कुंदन व त्रिलोचन

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला युवा मोर्चा के जिला कार्यसमिति एवं विशेष आमंत्रित सदस्य ग्राम भोरिंग निवासी कुंदन प्रजापति तथा तुमगांव के युवा कार्यकर्ता त्रिलोचन साहू को सहकारिता प्रकोष्ठ जिला महासमुंद की कार्यसमिति में मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों में हर्ष जताया है।

### डाइट में क्रियात्मक अनुसंधान एवं नवाचार प्रस्तुतीकरण



**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में जोन स्तरीय क्रियात्मक अनुसंधान एवं नवाचार प्रस्तुतीकरण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। नवाचारी गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण में डाइट नगरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान एवं संयुक्त रुप से डाइट महासमुंद एवं रायपुर ने द्वितीय स्थान अजित किया। वही क्रियात्मक अनुसंधान में डाइट महासमुंद प्रथम (शेखर शाबीर) एवं रायपुर डाइट द्वितीय (योगेंद्र साहू), डाइट नगरी (ज्योति साहू) ने तृतीय स्थान बनाया। इस अवसर पर डाइट महासमुंद के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण, व्याख्याता संतोष साहू एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के निर्देशन में किया गया। उक्त जानकारी संस्थान के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने दी है।

# ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में 120 से अधिक छात्रों ने दिखाई रुचि

## कक्षा नन्हें-मुन्नों से 12वीं तक के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नई सोच, नई उड़ान द्वारा भाटापारा के अग्रसेन भवन में नन्हें-मुन्नें बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर भाटापारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, प्रिंसिपल्स एवं डायरेक्टर्स को सादर आमंत्रित किया गया, जिसमें सभी संस्थाओं का अत्यंत सराहनीय सहयोग एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

इस प्रतियोगिता में 120 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर अपने सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल एक मंच बना, बल्कि उनके आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता एवं प्रतिभा को निखारने वाला प्रेरणादायक अनुभव भी सिद्ध हुआ। सृजन टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक, अश्विनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका एवं अंकिता गुप्ता सिविल जज भाटापारा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में मेघा वर्मा, शहर की प्रसिद्ध कलाकार एवं निखिल तिवारी रायपुर उपस्थित रहे।




### विजेता बच्चों को ट्रॉफी और पुरस्कार से किया गया सम्मानित

प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को ट्रॉफी इंटर नेशनल स्कूल द्वारा प्रदान की गई। विद्यालय की डायरेक्टर अंजु भृगु द्वारा प्रारंभ से लेकर समापन तक दिए गए सहयोग को सृजन टीम ने विशेष रूप से सराहा। इस आयोजन में स्कूल द्वारा प्रथम पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति शाह द्वारा किया गया। इंदरजीत सलूजा, शम्मी चावला, सोनी छाबड़िया एवं शीतल आर्या की उपस्थिति रही।

## आयोजन : वर-वधु को आशीर्वाद देकर दी शुभकामनाएं

# कंवर पैकरा समाज के वार्षिक अधिवेशन आदर्श विवाह में शामिल हुए गौरीशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल





पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल नारायणपुर धाम कसडोल में आयोजित कंवर पैकरा समाज के वार्षिक अधिवेशन आदर्श विवाह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रमुख पहुना के रूप में सम्मिलित हुए एवं वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय की पत्नी कौशल्या देवी साय बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुईं। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भाजपा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कंवर समाज केंद्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद पैकरा, प्रदेश अध्यक्ष हरिवंश मिरि, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग स्वधा आर एन साय, संरक्षक युवा प्रकों कंवर समाज तिमिरेंद्र शेखर कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष कसडोल कुसुमलता पैकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार सुलोचना यादव, कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, लवन नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, जिला पंचायत सभापति गायत्री बरीहा, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, भाजपा प्रदेशमंत्री मोरध्वज पैकरा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर श्रेय, कुंवर सिंह पैकरा, धनेश्वर साय, भाजपा नेत्री सत्यभामा साहू, भाजपा जिलामंत्री मेलाराम साहू, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, राजू साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रशांत यादव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू, सीमा थवाईत सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कंवर समाज सर्व आदिवासी समाज एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने सात चरणों में लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय आवसीय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश मंत्री भाजपा अमित साहू ने पार्टी का ध्वजारोहण एवं मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

अलग अलग सत्रों को वक्ता के रूप में अमित साहू, अवधेश जैन, प्रहलाद रजक, टेशुलाल धुरंधर, अजय राव, प्रमोद शर्मा, सनम जांगड़े ने पार्टी की विचार धाराओं क्रो विषयवार रखते हुए कार्यकर्त्ताओ क्रो प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राकेश तिवारी, आनंद यादव, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, नंदकिशोर अग्रवाल, कृष्णा अवस्थी, योगेश अनंत, मनिंदर गुम्बर, डॉ मोहन बांधे, गोपाल देवांगन, उमाशंकर वर्मा, अविनाश शर्मा, आशीष टोडर, सतीश साहू, गोपी ध्रुव, अंकित बाजपेयी, आयशा खान सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधि गण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा उपस्थित रहा।

### जनसंपर्क के गुर सिखाए गए

यह प्रशिक्षण अभियान कुल सात चरणों में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्त्ताओ क्रो संगठन की कार्यप्रणाली, जनसंपर्क को मजबूत करने के तरीके, सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की क्षमता और जिम्मेदारी को बढ़ाते हैं। वक्ताओ ने सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए संगठन के सिद्धांतों, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

# अध्यक्ष ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

बढ़ती गर्मी को देखते हुए सीमेंट प्लांट गेट के सामने रसेड़ा में प्याऊ घर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेड़ा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रसेड़ी के नेतृत्व में शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष माणकचंद वर्मा, उपाध्यक्ष मुरारी साहू, सरपंच रसेड़ा कृपाल साहू उपसरपंच दिलहरण चंदेल, जीवन साहू, बीडी साहू, प्रधानपाठक ताराचंद साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर माणकचन्द वर्मा ने जल की महत्ता को बताते हुए पॉलिथीन उपयोग के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। मुरारी साहू ने जल है तो कल है की संज्ञा को चरितार्थ कर प्याऊ घर सेवा को पुण्य कार्य बताया। कृपाल साहू ने प्यासे को पानी पिलाते स्काउट एवं गाइड की प्रशंसा कर शुभकामनाएं ज्ञापित किया।

- जल संरक्षण और पॉलिथीन के दुष्प्रभाव पर डाला प्रकाश
- प्यासे राहगीरों के लिए सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण

स्थानीय संघ सचिव चूड़ामणि वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्काउटर डॉ गंगाराम वर्मा, भागवत प्रसाद चंद्राकर,धनेश वर्मा तथा स्काउट-गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धनेश वर्मा ने किया।

# नगर में मना भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



श्री आदिनाथ पंचबाल्याती नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

मुनि श्री 108 चिन्मय सागर महाराज जंगल वाले बाबा का 38 दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 7.30 बजे भगवान की प्रतिमा पाण्डुक शिला पर विराजमान कर मंगल अभिषेक किया गया, मंगल अभिषेक के बाद 7.45 पर भगवान की शांति धारा संपन्न हुई। शांति धारा करने का सौभाग्य आर्नव प्रकाश मोदी एवं नवीन, नितिन सचिन ग़दिया को प्राप्त हुआ । शांति धारा के पश्चात भगवान की जन्मभिषेक आरती की गई।

भगवान महावीर के बारे में बताते हुए सुमन लता मोदी ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो अहिंसा परमो धर्म के माध्यम से पूरे विश्व का कल्याण हुआ है ।भगवान महावीर वर्तमान शासन नायक हैं। भगवान महावीर का जन्म कुंडलपुर वैशाली बिहार में हुआ था और अपने अपने जीवन में अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए जन-जन का कल्याण करते हुए अपने मोक्ष की साधना की थी। आज हम सब उनका जन्म उत्सव मना कर अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं।

### मंदिर प्रांगण के अंदर ही निकाली गई शोभायात्रा

मंदिर प्रांगण के अंदर सभी भक्तों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा मस्तक में विराजमान कर खूब भक्ति करते हुए नाचते हुए छोटी शोभायात्रा मंदिर के अंदर निकाल और खूब भक्ति के साथ भगवान का भजन किया गया मंदिर में देव शास्त्र गुरु पूजा भगवान महावीर स्वामी का पूजन, सामूहिक रूप से संगीत में किया गया। मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा का 38 वा दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया।

# अवैध धर्मांतरण पर लगेगी लगाम, फैसले का स्वागत



**कटगी।** छत्तीसगढ़ में अवैध धर्मांतरण के मामलों को लेकर लंबे समय से जारी विवादों के बीच अब राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 पारित हो गया है, जिससे अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

राज्य के बस्तर से लेकर सरगुजा तक कई क्षेत्रों में धर्मांतरण के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हो रहे कथित धर्मांतरण को लेकर सामाजिक संतुलन बिगड़ने की आशंका जताई जाती रही है, जिसके कारण कई बार विवाद और तनाव की स्थिति भी निर्मित हुई है। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश शर्मा ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में अवैध तरीके से धर्मांतरण करना और करवाना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में तेजी से बढ़ रही ऐसी गतिविधियों से सामाजिक समरसता प्रभावित हो रही थी, जिसे रोकना आवश्यक था। भाजपा सरकार द्वारा लाया गया यह नया कानून करीब 60 वर्ष पुराने प्रावधानों की जगह लेगा और इसे अधिक प्रभावी बनाया गया है। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के साथ-साथ कानून-व्यवस्था और सामाजिक संतुलन भी मजबूत

# ब्लॉक में 6 करोड़ 76 लाख सड़क निर्माण के लिए मंजूर



**भाटापारा।** शिवरतन शर्मा के प्रयासों से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा भाटापारा विकास खंड के ग्राम दत्तरेंगा से बिजराडीह मार्ग तक लगभग 6.20 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 76 लाख 35 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार उक्त सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। इस सड़क परियोजना से दत्तरेंगा से बिजराडीह मार्ग तक आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। स्थानीय व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उक्त स्वीकृति के लिए राकेश तिवारी, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, राजा जायसवाल, सविता प्रदीप अनंत, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, भोला वर्मा, पवन वर्मा, खुमान वर्मा, मनिंदर गुम्बर, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू, बहोरकी यदु, सुरेश वर्मा, सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ताओं ने शिवरतन शर्मा का आभार जताया है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर जन गोष्ठी

# राष्ट्र निर्माण के संकल्प पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर कोकड़ी रोड स्थित वर्मा सामुदायिक भवन में मंगलवार को प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख जनों एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस दौरान संघ के विचार, कार्यपद्धति और आगामी संकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत के संघचालक टोपलाल वर्मा रहे।अध्यक्षता जिला संघचालक गणेश देवांगन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर परिचय कार्यक्रम के सहयोग रूद्र कुमार चंद्रवंशी ने कराया।

उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि शाखा पद्धति के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित किए जाते हैं। यही कारण है कि संघ के स्वयंसेवक हर परिस्थिति में समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि वर्तमान में देशभर में संघ के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन से जुड़े हजारों सेवा कार्य संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक दीपक पटेल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम के उद्देश्य पर डाला प्रकाश

प्रस्तावना रखते हुए जिला कार्यवाह शालीन साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वहीं अध्यक्षीय उद्बोधन में गणेश देवांगन ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों के सामूहिक प्रयास से ही राष्ट्र सशक्त बनता है।

